दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः– 05
अंकः– 176
मुरादाबाद
(Friday)
17 October 2025
पृष्ठः– 08
मूल्यः– 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र–बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## पीएम मोदी ने आंध्र प्रदेश को दी 13430 करोड़ की सौगात, कई परियोजनाओं का किया उद्घाटन – शिलान्यास

प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को आंध्र प्रदेश में 13403 करोड़ रुपये की तमाम परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया है। ये परियोजनाएं उद्योग, बिजली, सड़क, रेलवे, रक्षा विनिर्माण और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस जैसे प्रमुख क्षेत्रों में फैली हुई हैं।बता दें कि, प्रधानमंत्री मोदी ने 2880 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से कुरनूल-III पूलिंग स्टेशन पर ट्रांसमिशन सिस्टम सुदृढ़ीकरण परियोजना की आधारशिला रखी। इस परियोजना में 765 केवी डबल-सर्किट कुरनूल-III पूलिंग स्टेशन-चिलकलुरिपेटा ट्रांसमिशन लाइन



का निर्माण शामिल है, जिससे ट्रांसमिशन क्षमता में 6,000 एमवीए की वृद्धि होगी और देश के विकास को गति देने के लिए बड़े पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्जा का ट्रांसमिशन संभव होगा। पीएम ने कोप्पर्थी औद्योगिक क्षेत्र की रखी आधारशिला-इसी तरह, उन्होंने कुरनूल में ओर्वाकल औद्योगिक क्षेत्र और कडप्पा में कोप्पर्थी औद्योगिक क्षेत्र की आधारशिला रखी, जिनका कुल निवेश 4,920 करोड़ रुपये से अधिक है। राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास एवं कार्यान्वयन ट्रस्ट (एनआईसीडीआईटी) और आंध्र प्रदेश औद्योगिक अवसंरचना निगम लिमिटेड (एपीआईआईसी) द्वारा संयुक्त रूप से विकसित, ये आधुनिक बहु-क्षेत्रीय औद्योगिक केंद्र प्लग-एंड-प्ले अवसंरचना और वॉक-टू-वर्क अवधारणा से युक्त हैं।?21000 करोड़ के निवेश से एक लाख रोजगार होंगे सृजित-इन केंद्रों से 21000 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित होने और लगभग एक लाख रोजगार सृजित होने की उम्मीद है, जिससे दक्षिणी राज्य के रायलसीमा क्षेत्र में औद्योगिक विकास और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने 960 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से सब्बावरम से शीलानगर तक छह लेन वाले ग्रीनफील्ड राजमार्ग की आधारशिला रखी। इस परियोजना का उद्देश्य बंदरगाह शहर विशाखापत्तनम में भीड़भाड़ को कम करना और व्यापार एवं रोजगार को सुगम बनाना है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने पिलेरू-कलूर खंड सड़क के चार लेन के निर्माण, कडप्पा-नेल्लोर सीमा से सीएस पुरम तक चौड़ीकरण और राष्ट्रीय राजमार्ग 165 पर गुडीवाड़ा और नुजेला रेलवे स्टेशनों के बीच चार लेन वाले रेल ओवर ब्रिज (आरओबी) का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री आज कुरनूल भी जाएंगे और बिजली, रक्षा, रेलवे और पेट्रोलियम जैसे क्षेत्रों में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा, प्रधानमंत्री %सुपर जीएसटी – सुपर बचत% नामक एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे, जिसमें लोगों को जीएसटी सुधारों के लाभों के बारे में बताया जाएगा।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को आंध्र प्रदेश दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री ने नंदयाल जिले में श्रीशैलम स्थित श्री भ्रमरम्बा मल्लिकार्जुन स्वामी वरला देवस्थानम में पूजा-अर्चना की। भाजपा नेताओं ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने पंचमुरलु (गाय के दूध, गाय के दूध से बनी दही, गाय के घी, शहद और चीनी से बना एक पवित्र मिश्रण) से भगवान का रुद्राभिषेक किया। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण उनके साथ रहे। आंध्र प्रदेश का मल्लिकार्जुन स्वामी मंदिर 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक और 52 शक्तिपीठों में से एक है। इस मंदिर की एक अनूठी विशेषता यह है कि एक ही परिसर में एक ज्योतिर्लिंग और एक शक्तिपीठ का सह-अस्तित्व है, जो इसे पूरे देश में अपनी तरह का एक अनूठा मंदिर बनाता है।

## मायावती ने योगी सरकार की तारीफ करने पर दी सफाई, रैली में सरकारी बसों के आरोप पर भी किया पलटवार

बसपा सुप्रीमो मायावती ने सपा-कांग्रेस पर तीखा पलटवार करते हुए कहा कि इन दलों में राजनीतिक ईमानदारी और साहस नहीं बचा है इसलिए ये अनाप-सनाप बातें फैला रहे हैं। उन्होंने आरोपों पर तीखा पलटवार किया है।



राजधानी लखनऊ में नौ अक्तूबर को हुई रैली में योगी सरकार की तारीफ कर सपा-कांग्रेस के निशाने पर आईं बसपा सुप्रीमो मायावती ने तीखा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि इन दलों में राजनीतिक ईमानदारी और साहस नहीं है। यही कारण है कि प्रदेश सरकार के प्रति मेरा आभार प्रकट करना इन लोगों को पसंद नहीं आया। उन्होंने रैली में सरकारी बसों के प्रयोग पर भी पलटवार करते हुए कहा कि रैली में बसपा के समर्थक अपना धन खर्च करके दूर-दूर से आए थे। रैली में सरकारी बसों के इस्तेमाल की बातें आधारहीन हैं।मायावती ने ये बातें लखनऊ में बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के बाद बयान जारी कर कहीं। उन्होंने कहा कि सपा की सरकार ने बीएसी की सरकार में बने स्मारकों व पार्कों की उपेक्षा की थी जबकि योगी सरकार ने उनके अनुरोध को मानते हुए टिकटों से आए धन से इनका रखरखाव किया था जिसे लेकर रैली में उन्होंने योगी सरकार का आभार प्रकट किया और अब राजनीतिक विद्वेष के कारण ये लोग बसपा पर मिलीभगत का आरोप लगा रहे हैं। इन दलों में स्वस्थ राजनीतिक ईमानदारी और साहस नहीं है। रैली में दिए गए अपने इस बयान के बाद वह सपा-कांग्रेस के निशाने पर आ गईं थी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव व कांग्रेस ने उन पर भाजपा से मिलीभगत के आरोप लगाए थे। कांग्रेस ने कहा था कि ऐसे समय में जब देश में दलितों पर अत्याचार हो रहे हैं बसपा सुप्रीमो भाजपा सरकार की तारीफ कर रही हैं। सपा-कांग्रस की तरफ से यह भी आरोप लगाए गए थे कि रैली को सफल बनाने के लिए सरकारी बसों में भरकर भीड़ लाई गई थी जिस पर मायावती ने जवाब देते हुए कहा कि पार्टी के लोग प्राइवेट बसों और ट्रेनों में अपना किराया देकर रैली में शामिल होने आए थे। इस तरह की बातें पूरी तरह आधारहीन हैं। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से इस तरह के आरोपों से सावधान रहने की अपील की।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम योगी ने किए संत शिरोमणि साईं चांडूराम जी के अंतिम दर्शन, अर्पित की श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिव शांति आश्रम पहुंचकर संत के अंतिम दर्शन किए और उन्हें नमन किया। उन्होंने संत के अनुयायियों के प्रति संवेदना जताई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को लखनऊ स्थित शिव शांति आश्रम पहुंचे और आश्रम के पीठाधीश्वर संत शिरोमणि साईं चांडूराम जी के अंतिम दर्शन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने संत शिरोमणि के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की और उपस्थित शोकाकुल श्रद्धालुओं के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। मुख्यमंत्री योगी ने इस अवसर पर संत शिरोमणि साईं चांडूराम जी के पार्थिव शरीर पर केसरिया अंग वस्त्र ओढ़ाया और उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। गौरतलब है कि संत शिरोमणि साईं चांडूराम जी बुधवार को ब्रह्मलीन हो गए थे। मुख्यमंत्री योगी ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए बुधवार को ही अपने सोशल मीडिया संदेश में लिखा था,सिंधी समाज के प्रमुख धर्मगुरु, पूज्य श्री शांति आश्रम के पीठाधीश्वर, संत शिरोमणि श्री साईं चांडूराम साहिब जी का निधन अत्यंत दुःखद और आध्यात्मिक समाज की अपूरणीय क्षति है। मेरी संवेदनाएं उनके शोक संतप्त अनुयायियों के साथ हैं। भगवान झूलेलाल से प्रार्थना है कि पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान और अनुयायियों को यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। ? शांति!

## ऑपरेशन सिंदूर आत्मनिर्भरता का बेहतरीन सबूत, पुणे में बोले राजनाथ सिंह, कांग्रेस को घेरा



पुणे में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अपने आप में हमारी आत्मनिर्भरता का जीता जागता सबूत है। इसी के साथ उन्होंने पिछली कांग्रेस सरकार को घेरते हुए कहा कि पहले न तो घरेलू स्तर पर हथियारों का उत्पादन करने की राजनीतिक इच्छाशक्ति थी और ना ही रक्षा निर्माण को बढ़ावा देने के लिए कोई कानूनी ढांचा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का बेहतरीन उदाहरण बताया। पुणे में सिम्बायोसिस स्किल्स एंड प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के छठे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि %ऑपरेशन सिंदूर% भारत के रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का बेहतरीन उदाहरण है, क्योंकि इस अभियान के दौरान सशस्त्र बलों द्वारा इस्तेमाल किए गए ज्यादातर उपकरण स्वदेशी थे।हम हथियारों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर थे

अपने भाषण में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, हमने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में काम करना शुरू कर दिया है। शुरुआती दौर में यह मुश्किल था, क्योंकि हम पूरी व्यवस्था को बदलने की कोशिश कर रहे थे। आजादी के बाद से हम हथियारों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर थे। हमारे लिए विदेशों से रक्षा उपकरण खरीदना एक जरूरत बन गई थी और स्वदेशी उत्पादन लगभग ना के बराबर था।उन्होंने आगे कहा कि भारत ने अब उस बाधा को तोड़ दिया है, जो आजादी के बाद से मौजूद थी।

उन्होंने कहा, हमने देश में हथियारों के निर्माण को जोरदार बढ़ावा दिया है। यह बिल्कुल भी आसान नहीं था, क्योंकि देश रक्षा खरीद के मामले में एक सहज स्थिति में पहुंच गया था। हम दूसरे देशों से हथियार खरीदने के आदी हो गए थे। राजनाथ सिंह ने कांग्रेस को घेरा- राजनाथ सिंह ने पिछली कांग्रेस सरकार को घेरते हुए कहा कि कहा कि ना तो घरेलू स्तर पर हथियारों का उत्पादन करने की राजनीतिक इच्छाशक्ति थी और न ही रक्षा निर्माण को बढ़ावा देने के लिए कोई कानूनी ढांचा। देश के युवाओं में इस क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने में मदद करने की प्रेरणा का भी अभाव था।

दीक्षांत समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर अपने आप में हमारी आत्मनिर्भरता का जीता-जागता सबूत है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, हमारे सशस्त्र बलों द्वारा प्रदर्शित वीरता को पूरी दुनिया ने देखा। खास बात यह है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी सेनाओं ने बड़ी मात्रा में भारत में बने उपकरणों का इस्तेमाल किया। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का सबसे अच्छा उदाहरण-सिंह उन्होंने कहा, स्थिति हमारे लिए अनुकूल नहीं थी; बल्कि प्रतिकूल थी। लेकिन ऐसी परिस्थितियों में भी हम रुके नहीं।

हमने रक्षा निर्माण को बढ़ावा देने के लिए हर संभव कदम उठाए और आज उन प्रयासों के स्पष्ट परिणाम सामने आ रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आगे कहा, आपने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारे सशस्त्र बलों की बहादुरी देखी होगी। ऑपरेशन सिंदूर भारत के रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का सबसे अच्छा उदाहरण है, क्योंकि सशस्त्र बलों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले अधिकांश उपकरण स्वदेशी थे। आपको बता दें कि अप्रैल में पहलगाम आतंकी हमले, जिसमें 26 लोगों की जान गई थी। उसके बाद भारत ने मई में पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था।

## गुजरात में सीएम भूपेंद्र पटेल को छोड़कर सभी मंत्रियों का इस्तीफा, आज होगा राज्य कैबिनेट का विस्तार

गुजरात में कल भूपेंद्र कैबिनेट का विस्तार होगा, वहीं इससे पहले आज राज्य के तमाम मंत्रियों ने पद से इस्तीफा सौंप दिया है। बता दें कि, सीएम भूपेंद्र पटेल को छोड़कर सभी मंत्रियों ने इस्तीफा सौंपा है।



गुजरात में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व वाले गुजरात मंत्रिमंडल का विस्तार शुक्रवार को होगा। वहीं इससे पहले आज राज्य के सभी मंत्रियों ने अपने पदों से इस्तीफा सौंप दिया है। वहीं कैबिनेट विस्तार को लेकर एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने पहले बताया था कि आगामी मंत्रिमंडल विस्तार में राज्य को लगभग 10 नए मंत्री मिल सकते हैं, और लगभग आधे मौजूदा मंत्रियों को बदला जा सकता है।

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के मंत्रिमंडल का विस्तार शुक्रवार सुबह 11॰30 बजे होगा। वर्तमान गुजरात मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री पटेल समेत कुल 17 मंत्री हैं। इसमें आठ कैबिनेट स्तर के मंत्री हैं, जबकि इतने ही राज्य मंत्री (एमओएस) हैं। बता दें कि, 182 सदस्यीय विधानसभा वाले गुजरात में 27 मंत्री या सदन की कुल संख्या का 15 प्रतिशत मंत्री हो सकते हैं। इस महीने की शुरुआत में, गुजरात सरकार में राज्य मंत्री जगदीश विश्वकर्मा, केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल की जगह भारतीय जनता पार्टी की राज्य इकाई के नए अध्यक्ष बने।

## छत्तीसगढ़ में दो दिन में 258 नक्सलियों का आत्मसमर्पण, शाह बोले- नक्सलवाद अब अंतिम सांसें ले रहा

गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ के उत्तर बस्तर स्थित अबूझमाड़ के पहाड़ी जंगल इलाके को नक्सल मुक्त घोषित कर दिया। यह बड़ी घोषणा उस वक्त की गई जब 170 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में शामिल होने का फैसला किया। शाह ने इन सभी का स्वागत करते हुए कहा कि उन्होंने हिंसा छोड़कर भारत के संविधान में भरोसा जताया है, यह एक साहसिक और सराहनीय कदम है।शाह ने दोहराई नक्सलवाद को लेकर सरकार की नीति- इस बात की जानकारी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया



प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके दी। उन्होंने एक्स पर लिखा कि आज छत्तीसगढ़ में 170, कल 27 और महाराष्ट्र में 61 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। दो दिन में कुल 258 कट्टर नक्सलियों ने हिंसा छोड़ दी है। शाह ने कहा कि यह दिखाता है कि मोदी सरकार की रणनीति से नक्सलवाद अब खत्म होने की कगार पर है। सरकार के अनुसार, यह घटनाएं देश में वामपंथी उग्रवाद के अंत की ओर बढ़ते कदम को दर्शाती हैं।दो दिनों में 258 नक्सलियों का आत्मसमर्पण- बता दें कि इससे एक दिन पहले छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में 27 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया था, जिनमें 10 महिलाएं और दो खतरनाक पीएलजीए बटालियन-01 के सदस्य भी शामिल थे। वहीं, महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि सीनियर माओवादी नेता मल्लोजूला वेणुगोपाल राव उर्फ भूपति/सोनू ने 60 अन्य नक्सलियों के साथ आत्मसमर्पण कर दिया है

## संपादकीय Editorial

### Pak-Taliban War Confrontation

The situation between Pakistan and the Afghan Taliban has become critical. On Saturday night, Taliban fighters attacked Pakistani outposts. They claim that 58 Pakistani soldiers were killed and the Taliban captured 25 outposts. The fighters also seized a large quantity of weapons and ammunition. Pakistan claims that 23 of its soldiers were killed, while drone strikes were carried out in retaliation. Pakistan claims to have killed approximately 200 Afghan fighters and captured 19 outposts. On October 9, Pakistan launched a missile attack on the Afghan capital, Kabul. Tehreek-e-Taliban Pakistan (TTP) chief Mufti Noor Wali was targeted, but he survived. TTP suicide bombers attacked Pakistan, leaving behind numerous bodies. The organization has also been killing Pakistani soldiers in Balochistan and Khyber Pakhtunkhwa. In retaliation, Pakistan attacked Kabul. However, the Pakistani and Afghan armies are no match, as Afghanistan lacks modern weapons like an air force or submarines. Taliban fighters rely solely on the sophisticated rifles, machine guns, rocket launchers, ammunition, and tanks left behind by the US forces. The Taliban possess a force of approximately 40,000 trained "suicide bombers" who can inflict death anywhere. The Taliban's Foreign Minister, Amir Muttaqi, is currently visiting India. He had described the missile strikes as an attack on Afghan sovereignty, so the October 11th night attack can be considered a Taliban retaliation. This military conflict and tension have spread between two Muslim countries. The "NATO-like" agreement between Pakistan and Saudi Arabia has also been exposed and proven hollow. Saudi Arabia did not jump into the war in support of Pakistan. However, like Qatar, it offered statements of peace and dialogue. This military conflict holds several implications for India. Taliban Foreign Minister Amir Khan supported India's sovereignty and unity and integrity on the issue of Jammu and Kashmir. The joint declaration of the Indian and Afghan foreign ministers, which has been made public, states that both countries support each other's sovereignty, unity, and integrity. Pakistan has understandably reacted sharply. Indeed, the Indian government sent senior officials to Afghanistan to build their parliament. A special office modeled after the Planning Commission has been established. In addition to building dams in Afghanistan, India has also constructed schools, colleges, roads, and primary health centers. India is implementing over 400 projects there and has invested over $3 billion. The India-Afghan friendship is centuries old, and India has surpassed China and Pakistan in Afghanistan's reconstruction efforts. It is ironic and ridiculous that Pakistani President Asif Ali Zardari has blamed "India's hand" for the Taliban attacks, even though tensions and attacks between the two countries are natural. Although terrorism has existed between the two countries, there are also deep, serious differences on that front. When the Taliban was establishing power in Kabul in 2021, the head of Pakistan's intelligence agency, the ISI, was present in Kabul and was delighted. Pakistan's then-Prime Minister, Imran Khan, described that period as "freedom from shackles." Pakistan anticipated that the Taliban would maintain "friendship" with it and that the two would jointly launch a new terrorist campaign against India. This did not happen; instead, six attacks have already taken place between the two countries in 2025. Afghanistan has never recognized the border demarcated by the British Raj in 1893, some 132 years ago. This Durand Line, approximately 2,640 km long, divides the Afghan-Pashtun areas. As a result, clashes have occurred. Pakistan hosts approximately 3 million Afghan refugees,

# Gaza Peace Agreement: Implementation of the First Phase; Focus on the Second

There are good reasons to believe that Pakistan incited radical elements to reject the Gaza Peace Agreement and then opened fire on them, in order to send a message to States, that it was impossible Agreement. Finally, the peace proposal in Gaza has Palestinian prisoners, with eyes will now be on when the will be completed, and whether This uncertainty exists because will withdraw from Gaza, what be established, and whether Furthermore, while Hamas must pave the way for an Hamas maintains that it will the path to an independent unwilling to agree to this. It's arrived in Israel before leaving



the world, and especially the United for it to accept the Gaza Peace implementation of the first phase of begun. Israel began releasing Hamas releasing Israeli hostages. All next phases of the peace agreement they will be properly implemented. it is unclear how far the Israeli army kind of administrative system will Hamas will agree to it. must surrender its weapons, Israel independent Palestinian state. surrender its weapons only when Palestine is clear. Israel appears true that the US President, who for Egypt to mark the start of implementation of the Gaza peace agreement he had proposed, described his initiative as a path to peace in West Asia and urged the Israeli Prime Minister to reach an agreement with Iran. Such an agreement would only be possible if Iran abandons its insistence on destroying Israel. Israel cannot trust Iran, as it supports Hamas, Hezbollah, and other threats to its security, and also supports the Houthi rebels in Yemen. This is what led to the war between Iran and Israel, in which the US also intervened. Addressing the Israeli Parliament, the US President called the Gaza peace agreement a historic dawn for West Asia. Whatever his claims, it is currently difficult to say whether major Muslim countries will be willing to recognize Israel. Trump may claim that the Gaza peace agreement received the support of all Muslim countries, but the reality is quite different. When this agreement was unveiled, Pakistan was among those who supported it and praised Trump. But now it has not only withdrawn its support, but has also created an environment in its territory that has led radical elements to take to the streets in protest. There are good reasons to believe that Pakistan incited radical elements to take to the streets to reject the Gaza Peace Agreement and then opened fire on them, in order to send a message to the world, and especially to the United States, that it cannot accept the Gaza Peace Agreement. In a way, Pakistan has prevented the Abraham Accords from moving forward, through which Trump wants all Muslim countries to recognize Israel.

# The Central Problem of Islamic Politics: Asaduddin Owaisi's Statement is Erroneous and Misleading

This is the central and global problem of Islamic politics. That's why Muslims like Taslima are also subjected to deadly attacks. How long can humanity endure such double standards? Asaduddin Owaisi's comparison of "I love Mohammed" and "I love Modi" is flawed and misleading. The questions raised by Muslims like Taslima, based on their studies, observations, and lifelong experiences, are no exception. Muslim leader Asaduddin Owaisi has said that "in this country, one can say 'I love Modi,' but not 'I love Mohammed.'" He is right that the same freedom should be extended to expressing love not only for Modi but also for Mohammed, but the example given for comparison is inappropriate. Owaisi forgets what happens when someone like Taslima Nasreen shows indifference to Mohammed. When Taslima went to Hyderabad for her book launch, Owaisi's party workers and younger Owaisi, Akbaruddin, launched a deadly attack on her, declaring that "next time she won't escape alive." Was it illegal for Taslima to go to Hyderabad, attend her book launch, or write about her life experiences and research findings? Owaisi's stance suggests that whatever he wishes should happen. As an intellectual leader, Owaisi understands well that such arbitrariness and duplicity is detrimental to any society. It disrupts communal harmony and cohesion. He represents not only Muslims but also Hindus in his Lok Sabha constituency. Selectively invoking the law doesn't make him credible. In the "I Love Mohammed" case, the appropriate example for legal considerations would be Taslima Nasreen, not Modi. In an autobiographical essay, Taslima cited numerous examples to explain why she didn't believe Mohammed's claims. Therefore, she expressed indifference toward Muhammad. If one has the right to love to disagree with him. Taslima also one is above criticism—not a a prophet, not even God. To every element is necessary." This foundation of human identity. Aurobindo, sages have welcomed Nachiketa for raising the most Yamaraj says: "May there be broke free from the clutches of the Science and knowledge flourished discoveries are taking place in The entire Muslim world remains Muslim countries are extremely



Muhammad, one should also have the right stated this ethically and theoretically: "No human being, not a saint, not a messiah, not improve the world, critical examination of statement is not only legal but also the From the Upanishads to Plato and Sri questioning and criticism. Praising difficult and inconvenient questions, questioners like you." Only when Europe Church did it experience all-round progress. unprecedentedly. Even today, most societies where there is freedom to question. a zero-sum player in this regard. Many prosperous, yet their contribution to knowledge and science has been negligible for centuries. It is precisely for this reason that little Owaisi's attack on Taslima is in the best interest of not only Indians but of all humanity that everyone has equal rights. Not only to love a great man, a book, a principle, but also to disagree with it. No one can have a right that others do not have. If Owaisi likes a person, others have an equal right to dislike that same person. Otherwise, it would amount to imposing one's preferences on others. Freedom of expression is not one-sided. As George Orwell said: "If freedom has any meaning, it is the right to say things people do not want to hear." That is, the inconvenient truth. This puts the "I Love Mohammed" issue in its proper context. The biography (Sira) of Mohammed Sahib contains a complete account of his lifelong statements and actions. His commands and actions make it difficult for him to endear himself to everyone, especially to infidels—non-Muslims and those who have abandoned Islam. Since Owaisi is not a fundamentalist cleric, he must understand not only the legal and illegal, but also the realities of humane and inhumane, moral and immoral, just and unjust. Faiths and communities are diametrically opposed to any faith. There are not only idol-breakers but also idol-worshippers in the world. Everyone is human. Humanity cannot have two moral standards, just as a human body cannot live with two hearts. Humanity's heart, its moral and intellectual standards, can only be one. As part of humanity, all communities have the same golden rule: "Do unto others as you would have them do unto you." Owaisi should follow this golden rule with the same devotion as Taslima does. Both Modi's supporters and opponents do. There is a long list of political, legal, and moral issues on which most Muslim leaders adopt a privileged position. They claim separate, elevated treatment—above the law and the Constitution. This includes the Constitution, the national anthem, yoga, and other subjects, which they dismiss as symbols of other religions and address them in derogatory terms. This is the central and global problem of Islamic politics. This is why Muslims like Taslima are also subjected to deadly attacks. How long can humanity endure such double standards? Asaduddin Owaisi's comparison of "I love Mohammed" and "I love Modi" is flawed and misleading. The questions that Muslims like Taslima have raised based on their study, observation, and lifelong experiences. They are no exception. Every day, new Muslim writers and speakers are raising even more pointed questions, but the ulama or Muslim leaders have no answers except threats and violence. This situation cannot last long. Owaisi and other Muslim leaders must address this issue judiciously and rationally, as such questions are not new.

# मुरादाबाद, बरेली मण्डल की रबी उत्पादकता गोष्ठी तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के प्रेक्षागृह में सम्पन्न

सरकार किसानों के प्रति पूरी तरह से समर्पित - पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री कृषकों द्वारा दिये गये सुझाव एवं बतायी गयी समस्याओं का हर संभव निराकरण किया जायेगा कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को रबी संबंधी फसलों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी मा0 मंत्री जी द्वारा कृषकों को बीज की मिनी टूल किट का किया गया वितरण तथा टी0एम0यू0 में लगे किसान हित में स्टॉलों का अवलोकन किया मुरादाबाद- मण्डल मुरादाबाद, बरेली मण्डल की तीर्थंकर में आयोजित की गयी। इस अवसर पर एवं समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुनते गया। मण्डल स्तरीय रबी उत्पादकता सिंह मा0 मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास कि जो धरातल पर समस्याएं हैं वह पर कार्य किया जाये। यहां पर जो भी संज्ञान में लाकर कार्य किया जायेगा और निराकरण करने का प्रयास किया जायेगा। दूसरी सहफसली की खेती पर भी नेतृत्व में किसानों को आगे बढ़ाने का सहित कृषि यंत्र उपलब्ध कराए जा रहे की भरपाई फसल बीमा योजना के कि जो विषय कृषि गोष्ठी में रखे गये हैं की समस्याओं का हर संभव निराकरण खुशहाल होगा तो देश खुशहाल होगा।




स्तरीय रबी उत्पादकता गोष्ठी 2025 महावीर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के प्रेक्षागृह मुरादाबाद एवं बरेली के कृषकों के सुझाव हुए हर संभव निराकरण का आश्वासन दिया गोष्ठी-2025 के मुख्य अतिथि श्री धर्मपाल ने कहा कि कृषि गोष्ठी का उद्देश्य यही है सरकार तक पहुचें और सरकार द्वारा उन परिचर्चा हुई है उन बिन्दुओं को सरकार के किसानों की समस्याओं को हर संभव उन्होंने कहा कि परम्परागत कृषि के साथ कृषकबंधु ध्यान दें। मा0 मुख्यमंत्री जी के कार्य किया जा रहा है। किसानों को सब्सिडी हैं। किसानों की फसलों में हुए नुकसान माध्यम से करायी जाएगी। उन्होंने कहा उनको नोट कर लिया गया है और किसानों करने का प्रयास किया जायेगा। किसान उन्होंने बताया कि खेती है तो पशु हैं और पशु हैं तो खेती है के सिद्धान्त पर कार्य करें। पहले किसान चारे के लिए जमीन छोड़ता था, किन्तु अब इसका अभाव देखा जा रहा है। पशुओं की संख्या में भी कमी आयी है, सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को आय बढ़ाने के हर संभव प्रयास कर रही है। मण्डल स्तरीय रबी उत्पादकता गोष्ठी के विशिष्ट अतिथि मा0 राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) सहकारिता विभाग उत्तर प्रदेश श्री जे0पी0 एस राठौर ने कृषि गोष्ठी में कहा कि किसानों की विभिन्न समस्याओं का हर संभव निराकरण का प्रयास किया जायेगा। वर्ष 2014 में सहकारिता विभाग के पास 31 करोड़ का बजट था आज बढ़कर चैगुना हो गया है। मा0 प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में खाद्यान्न उत्पादन में 35 प्रतिशत वृद्धि हुई है। गेंहू एवं चावल के एमएसपी मूल्य में भी 70 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, उत्तर प्रदेश ने गेंहू उत्पादन में बहुत बडी छलांग लगाई है, कृषि विकास दर भी दोगुनी हो गयी है, उत्तर प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय दोगुनी हो गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में डीएपी एनपीके यूरिया उर्वरक उपलब्ध है। सहकारी समितियों पर सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी तरीके से किसानों को उर्वरक समय से वितरण किया जा रहा है। मा0 राज्यमंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान उ0प्र0 ने कृषि केन्द्रों द्वारा किसानों को उड़द के खराब बीज उपलब्ध कराये जाने की शिकायत पर किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जो कंपनी खराब बीज देगी उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी, जिस क्षेत्र में जिस बीज की आवश्यकता होगी उसी के अनुसार उस क्षेत्र के लिए बीज उपलब्ध रहेगा। किसानों को उड़द बीज की क्षति का मुआवजा दिलाया जायेगा, किसानों को धान का पूरा मूल्य मिलेगा, किसान को किसी भी स्तर पर परेशानी नहीं होने दी जाएगी। मिट्टी की जांच भी निःशुल्क होगी और इसके लिए टोल फ्री नम्बर जारी किया जायेगा। कृषकगण खेती को व्यापार के रुप में लेकर कार्य करें। सरकार द्वारा कई फसलों का एमएसपी भी दोगुना किया गया है, कृषकगण फसल चक्र अपनाकर खेती करें, सरकार किसानों के प्रति पूरी तरह से समर्पित है। प्रमुख सचिव कृषि रविन्द्र ने मण्डलीय उत्पादकता गोष्ठी में कहा कि कृषकों द्वारा जो भी शिकायतें एवं सुझाव रखें गये हैं उन पर कार्य किया जायेगा। डिजिटल एग्रीकल्चर की कृषकों को सुविधा प्रदान की जा रही है और इसका लाभ भी मिल रहा है। यह कार्यक्रम प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार के साथ मिलकर चलाया जा रहा है। कृषकों को उन्नत किस्म के बीज उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आगे कृषक जो भी बीज बोना चाहते हैं उनके लिए प्लान बनाया जा रहा है। प्रदेश में उर्वरक की कोई कमी नही है। सभी योजनाओं का लाभ कृषकों को पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराया जा रहा है। कृषकबंधु थोड़ी-थोड़ी प्राकृतिक खेती को भी बढ़ावा दें, जो कृषक प्राकृतिक खेती कर रहें हैं उनके माध्यम से और लोगों को भी जोडा जाये। मण्डलायुक्त मुरादाबाद श्री आन्जनेय कुमार सिंह, मण्डलायुक्त बरेली श्री भूपेन्द्र एस चैधरी ने अपने मण्डल के जिलों में अपनाई गई रबी रणनीति 2025 के संबंध में विस्तार से बताया। कृषि निदेशक उ0प्र0 ने बताया कि मिट्टी का मृदा स्वास्थ्य प्रभावित होता है तो निश्चित रुप से फसलें भी प्रभावित होती है, 5-10 हेक्टेयर कलस्टर से नमूना लेकर मिट्टी की जांच लैव पर होगी, जिन ग्रामों में नमूना नहीं हो सका है उनका नमूना लेकर जांच करायी जाएगी। उड़द बीज की शिकायत पर उन्होंने कहा कि जांच कर संबंधित किसान को क्षतिपूर्ति प्रदान की जाएगी। गन्ने के साथ सहफसली खेती को बढ़ावा देने हेतु सरसों का बीज निःशुल्क 4 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर दिया जा रहा है। सोलर पम्प योजना में भी 60 प्रतिशत सब्सिडी दी जा रही है। मुरादाबाद मण्डल में प्राईवेट एवं सरकारी सेन्टरों पर डीएपी एवं एनपीके की पर्याप्त उपलब्धता है। रबी गोष्ठी में उप गन्ना आयुक्त, उप निबंधक सहकारिता, उप निदेशक मत्स्य, अधीक्षण अभियंता सिंचाई, उप निदेशक उद्यान, मुख्य अभियंता विद्युत तथा अपर निदेशक पशुपालन ने भी किसानों द्वारा बतायी गयी समस्याओं एवं सुझाव संबंधी अपने विचार व्यक्त किए। मण्डलीय रबी गोष्ठी में मुरादाबाद, बरेली मण्डल के जनपदों के कृषकों द्वारा अपने सुझाव एवं समस्याओं से अवगत कराया। रबी गोष्ठी में कृषि वैज्ञानिक डा0 प्रदीप कुमार गुप्ता, डा0 हसन तनवीर, डा0 अय्यूब, डा0 आरिफ तिवारी द्वारा कृषकों को विस्तारपूर्वक कृषि संबंधी तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर मण्डलायुक्त मुरादाबाद श्री आन्जनेय कुमार सिंह, मण्डलायुक्त बरेली श्री भूपेन्द्र एस चैधरी, प्रबन्ध निदेशक बीज विकास निगम उ0प्र0, महापौर श्री विनोद अग्रवाल, उप गन्ना आयुक्त, उप निबंधक सहकारिता, उप निदेशक मत्स्य, अधीक्षण अभियंता सिंचाई, उप निदेशक उद्यान, मुख्य अभियंता विद्युत तथा अपर निदेशक पशुपालन, उप निदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण तथा दोनों मण्डलों के कृषकगण उपस्थित रहें।

# संसदीय अध्ययन समिति ने अधिकारियों के साथ की बैठक, जनप्रतिनिधियों के पत्रों पर कार्यवाही की स्थिति को लेकर की समीक्षा।

उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति के मा. सभापति श्री किरणपाल कश्यप, सदस्य श्री बहोरन लाल मौर्य, सदस्य श्री हंसराज विश्वकर्मा द्वारा सर्किट हाउस सभागार में जिले के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में वर्तमान सरकार के गठन के पश्चात विभिन्न विभागीय कार्यालयों को मा. सांसद और मा. विधान मंडल के सदस्यों द्वारा भेज गए पत्रों पर अधिकारियों के स्तर से की गई कार्यवाही की स्थिति के बारे में विस्तृत समीक्षा की गई। मा. सभापति ने नगर निगम मुरादाबाद, समस्त नगर पालिका और नगर पंचायतों के साथ-साथ पंचायती राज विभाग, लोक निर्माण विभाग, नलकूप, माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, पुलिस, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, राजस्व, पशुपालन, गन्ना, बेसिक शिक्षा, वन, भू तत्व एवं खनिकर्म, पर्यटन और मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से जन प्रतिनिधियों के स्तर से भेजे गए विभिन्न प्रकार के पत्रों के सापेक्ष की गई कार्रवाई के बारे में विस्तृत जानकारी ली तथा जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि मा. सांसद और मा. विधायक गणों द्वारा भेजे गए पत्रों के जनप्रतिनिधि को कृत कार्रवाई अथवा यथा में अभिलेखों का रखरखाव बेहतर तरीके से पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। नलकूप कि किसानों को सिंचाई के लिए समय पर काफी संवेदनशील है इसलिए यदि खाद, बीज या अन्य कृषि से जुड़ी समस्याओं संबंधित अधिकारी द्वारा गंभीरता पूर्वक कार्यों को लेकर जनप्रतिनिधियों के स्तर से ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से कहा कि साइबर कृत्यों पर प्रभावी रोकथाम के लिए भी जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जनपद माध्यमों से होने वाले विभिन्न प्रकार के कार्यवाही की स्थिति के बारे में मा. सभापति कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान मा. से कहा कि पारिवारिक लाभ योजना प्रभावित



सापेक्ष कार्यवाही करने के उपरांत संबंधित स्थिति से अवश्य अवगत कराएं। कार्यालयों होना चाहिए तथा अभिलेखीय दुरुस्तीकरण विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया पानी की उपलब्धता हो इसके लिए सरकार जनप्रतिनिधियों द्वारा किसानों की सिंचाई, के संबंध में कोई पत्राचार किया जाता है तो कार्रवाई होनी चाहिए। पुलिस विभाग के प्राप्त पत्रों की समीक्षा के दौरान मा. सभापति क्राइम और ऑनलाइन सट्टा जैसे अपराधिक स्थानीय स्तर से जरूरी कदम उठाए जाएं, में साइबर अपराध एवं अन्य ऑनलाइन अपराधों पर कड़ी निगरानी रखने एवं को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। समाज सभापति ने जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह परिवार को त्वरित रूप से आर्थिक लाभ पहुंचाने के लिए सरकार द्वारा संचालित है इसलिए समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से जनपद में संचालित गौशालाओं की स्थिति और इन गौशालाओं में हरा चारा और भूसे की व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली तथा कहा कि आवारा पशुओं को संरक्षित करने के लिए भी नियमानुसार जरूरी कदम उठाए जाएं।जनपद में चीनी मिलों द्वारा गन्ना किसानों के मूल्य भुगतान की स्थिति के बारे में भी उन्होंने जानकारी प्राप्त की तथा जिलाधिकारी से कहा कि जिन चीनी मिलों द्वारा मूल्य भुगतान में लापरवाही बरती जा रही है उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के लिए मा. मुख्यमंत्री जी के निर्देश हैं इसलिए किसानों का समय पर मूल्य भुगतान न करने वाली चीनी मिलों को तत्काल भुगतान के लिए निर्देशित कर दें। जिलाधिकारी ने जनपद में गन्ना मूल्य भुगतान के लिए चीनी मिलों के विरुद्ध की गई कार्रवाई के बारे में मा. सभापति को विस्तृत जानकारी दी। जिले में औद्योगिक इकाइयों से छोड़े जाने वाले दूषित पानी के ट्रीटमेंट के लिए निर्धारित मानकों का सख्ती से अनुपालन कराए जाने को लेकर उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिले की औद्योगिक इकाइयों में स्थापित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के संचालन की मॉनिटरिंग होनी चाहिए ताकि प्रदूषण नियंत्रण के लिए निर्धारित मानकों का गंभीरता पूर्वक अनुपालन हो सके। आयुर्वेद एवं यूनानी अस्पतालों के संचालन की स्थिति के बारे में उन्होंने जिला आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी से जानकारी ली। जिला आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी ने बताया कि जनपद में 14 आयुर्वेदिक और 01 यूनानी अस्पताल संचालित है, जिस पर मा. सभापति ने कहा कि आयुर्वेद के महत्व और उपयोगिता तथा आयुर्वेदिक दवाओं के बारे में प्रचार प्रसार पर विशेष जोर दिया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी और अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री गुलाबचंद्र सहित अन्य संबंधित अधिकारी गण मौजूद रहे। मिशन शक्ति फेस-5.0 जागरूकता अभियान के अंतर्गत पार्टनर फॉर एंपावरमेंट ऑफ़ वूमेन एंड चिल्ड्रन थीम पर मानसरोवर एकेडमी कैच की पुलिया अगवानपुर मुरादाबाद में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्रीमती तनीषा दिवाकर, मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता ने बताया कि लड़के और लड़कियां एक समान है, परन्तु व्यवहारिक रूप से कुछ लोग इसे अपने पर लागू नही करते है। बचपन से ही उनके साथ भेदभाव शुरू हो जाता है। बेटा- बेटी का फर्क मिटाने के बाद ही सही मायने में नारी सशक्तिकरण की अवधारणा चरितार्थ होगी। आज बेटियां हर क्षेत्र में बेटों से आगे है। बेटे की तरह बेटियों को भी समान शिक्षा और समान अवसर दिया जाए, तो बेटियां सफलता का परचम लहरा सकती हैं। समाज में भेदभाव करने वाले लोगों को अपनी रूढ़िवादी सोच बदलनी होगी। वन स्टॉप सेंटर केस वर्कर युक्ति पांडे और विधिक सेवा प्राधिकरण से नीतू सक्सेना ने आयोजित स्वावलंबन कैंप के माध्यम से विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना और वन स्टॉप सेंटर द्वारा दी जाने वाली सुविधाएं एवं अन्य विभागीय योजनाओं के बारे में बालक एवं बालिकाओं को जागरूक किया। साथ ही मिशन शक्ति के पंपलेट का वितरण कर प्रचार प्रसार किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाओं को चाइल्ड हेल्पलाइन सेवा 1098 तथा समस्त टोल फ्री नंबर 181, 112, 1076, 1090 आदि की भी जानकारी दी गई।

## संक्षिप्त समाचार

### मंडलायुक्त की बड़ी कार्यवाई, मंडल स्तर के 07 अधिकारियों के वेतन आहरण पर रोक, 09 को स्पष्टीकरण नोटिस

आईजीआरएस पोर्टल गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में लापरवाही पर मंडलायुक्त ने की कार्यवाई। आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर मंडलायुक्त श्री आञ्जनेय कुमार सिंह ने अग्रिम आदेशों तक मंडल स्तर के 07 अधिकारियों के वेतन आहरण पर रोक लगा दी है साथ ही 09 अधिकारियों को चेतावनी नोटिस भी जारी किया है। आयुक्त सभागार में आयोजित बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने खराब प्रदर्शन करने वाले विभागों के अधिकारियों से आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न किए जाने के कारणों के बारे में जानकारी ली परंतु अधिकारियों द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया, जिसके चलते मंडलायुक्त ने अधीक्षण अभियंता विद्युत, उपनिदेशक पंचायत, अपर निदेशक स्वास्थ्य, अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग, मुख्य अभियंता विद्युत, सहायक निदेशक बेसिक शिक्षा तथा अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन का अग्रिम आदेशों तक वेतन आहरण पर रोक लगाते हुए इन सभी को स्पष्टीकरण नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ साथ उप श्रमायुक्त, डीआईजी स्टाम्प, अपर आयुक्त वाणिज्य कर, मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी, आरटीओ, डिवीजनल कमांडेंट ( होमगार्ड ), उप निदेशक मंडी, संयुक्त आयुक्त आबकारी और खाद्य विभाग के संबंधित मंडलीय अधिकारी को चेतावनी नोटिस जारी किया है। शासन स्तर से आइजीआरएस पोर्टल की मॉनिटरिंग के दौरान असंतोष जनक फीडबैक और विभागीय अधिकारियों द्वारा शिकायतकर्ताओं से संपर्क न करने के कारण मंडल की रैंक में गिरावट पर मंडलायुक्त ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण मा. मुख्यमंत्री जी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा नियमित तौर पर आइजीआरएस पोर्टल के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण की मॉनिटरिंग की जा रही है। वर्तमान में प्रदेश में मंडल की 11वीं रैंक है और विभिन्न विभागों के अधिकारियों के खराब पर्यवेक्षण की वजह से मंडल की प्रदेश में रैंक प्रभावित हो रही है इसलिए लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### शिक्षक एमएलसी चुनाव: सपा ने मुरादाबाद के लिए दानिश को बनाया प्रत्याशी, दूसरों दलों ने अभी नहीं खोल पत्ते

सपा ने बरेली-मुरादाबाद शिक्षक खंड चुनाव के लिए दानिश अख्तर को प्रत्याशी घोषित किया है। वह 2020 में अटेवा के प्रत्याशी के रूप में भी चुनाव लड़ चुके हैं। बरेली-मुरादाबाद शिक्षक खंड चुनाव के लिए प्रत्याशी घोषित करने में सपा ने सभी दलों को पीछे छोड़ दिया। पार्टी ने सबसे पहले प्रत्याशी घोषित कर दूसरे दलों को चौंका दिया। सपा ने हाजी मो. दानिश अख्तर को अपना उम्मीदवार बनाया है।वह बिजनौर जिले के कीरतपुर स्थित महात्मा गांधी मेमोरियल मुस्लिम इंटर कॉलेज में अध्यापक हैं। घोषित सपा उम्मीदवार मो. दानिश की प्रारंभिक शिक्षा बिजनौर के सेंट मेरी स्कूल से हुई है। उन्होंने रुहेलखंड विश्वविद्यालय से एमए (हिंदी, इतिहास, अर्थशास्त्र) बीएड, पत्रकारिता में डिप्लोमा किया है।2004 से 2012 तक पत्रकारिता से जुड़े रहे। वह सपा में नगर उपाध्यक्ष और नगर सचिव तक रहे। वर्ष 2020 में बरेली मुरादाबाद सीट से वह अटेवा के प्रत्याशी के तौर पर शिक्षक एमएलसी का चुनाव लड़ चुके हैं। उनके पिता मो. अख्तर मुरादाबाद में लघु सिंचाई विभाग में जेई पद पर कार्यरत रहे। दानिश अख्तर ने बताया कि चुनाव के दौरान वह पुरानी पेंशन बहाली और शिक्षकों के मानदेय बढ़ाने का मुद्दा उठाएंगे। दोनों समस्याएं शिक्षकों से जुड़ी हुई हैं। सपा जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने दानिश को प्रत्याशी बनाए जाने पर खुशी जताई है। सपा ने रोहित को जिला प्रभारी बनाया - सपा ने बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक एमएलसी चुनाव के लिए रोहित कुमार प्रजापति को फिर जिला प्रभारी बनाया है। इसके पहले रोहित समाजवादी शिक्षक सभा के प्रदेश सचिव बनाए गए थे। रोहित ने बताया कि वह पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ शिक्षकों के मुद्दों को सजगता के साथ उठाएंगे। दूसरे दलों ने अभी नहीं खोले पत्ते- बरेली-मुरादाबाद शिक्षक खंड चुनाव के लिए अभी दूसरे दलों ने अपने पत्ते नहीं खोले हैं। सपा के बाद दूसरे दल भी जल्द उम्मीदवारों की घोषणा कर सकते हैं। फिलहाल इस सीट पर भाजपा का कब्जा है।

**क्यूँ न लिखूँ सच**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

**संपादक - नरेश राज शर्मा**

**मो. 9027776991**

**RNI NO- UPBIL/2021/83001**

**इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।**

ज्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# एक व दो नवंबर को बरेली में होगी भर्ती परीक्षा, 15 केंद्र, 12,960 अभ्यर्थी होंगे शामिल

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। यूपी पुलिस में कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए, उपनिरीक्षक (गोपनीय), सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) और सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) के पदों पर सीधी भर्ती का इंतजार खत्म हो गया है। भर्ती बोर्ड ने ऑफलाइन लिखित परीक्षा की तारीख घोषित कर दी है। परीक्षा 1 और 2 नवंबर को प्रदेश के 10 जिलों, जिनमें बरेली, लखनऊ, कानपुर नगर, मुरादाबाद, गोरखपुर, झांसी, प्रयागराज, मेरठ और वाराणसी में आयोजित की जाएगी। डीआईजी बरेली रेंज अजय कुमार साहनी ने बताया कि बरेली जिले में कुल 15 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। 1 नवंबर को 6,960 परीक्षार्थी और 2 नवंबर को 6,000 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। हर परीक्षा केंद्र पर एक प्रभारी निरीक्षक, पांच सब इंस्पेक्टर, महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों की टीम तैनात की गई है। परीक्षा केंद्र का जिला परीक्षा से एक सप्ताह पहले जारी किया जाएगा प्रवेश पत्र परीक्षा तिथि से तीन दिन पहले डाउनलोड के लिए उपलब्ध होंगे सभी केंद्रों पर ट्रैफिक और भीड़ प्रबंधन की जिम्मेदारी एसपी ट्रैफिक अकमल खान को सौंपी गई है। पुलिस फोर्स की लगेंगी ड्यूटी, हर केंद्र पर विशेष निगरानी दल डीआईजी अजय कुमार साहनी ने बताया कि हर केंद्र की लाइव मॉनिटरिंग की जाएगी। संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई के लिए कंट्रोल रूम से सीधी लिंकिंग होगी। महिला अभ्यर्थियों के लिए महिला पुलिस बल की विशेष तैनाती की गई है। सभी परीक्षा केंद्रों को निगरानी दायरे में रखा गया है। छ्ट्ठङ्क, वीडियोग्राफी और गश्ती दल की मदद से नकलविहीन और पारदर्शी परीक्षा कराई जाएगी। अभ्यर्थियों को पूरी सुरक्षा के साथ शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा दिलाई जाएगी।



# आपसी झगड़े में गई जान या बदनामी का इंतकाम, अभिषेक का हत्यारा कौन ? जांच में जुटी पुलिस

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के रजऊ गांव में बुधवार रात हुई अभिषेक यादव की हत्या के बाद पुलिस ने दबिश दी तो छात्र का पिता घर में ही मिल गया। उसने खुद को बेकसूर बताया, हालांकि उसका आपराधिक इतिहास जानकर पुलिस ने उसे थाने में बैठा लिया है। मेले में थोड़ी देर पहले हुए लड़कों के झगड़े से भी घटना को जोड़कर जांच की जा रही है। गांव रजऊ परसपुर में बुधवार रात रामलीला मंचन में रावण वध के बाद छेड़खानी के आरोपी अभिषेक यादव पर चाकू से हमला कर दिया गया था। बरेली-सीतापुर हाईवे पर पुलिस बैरियर के पास वारदात हुई। युवक ने जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। उसके परिजनों ने छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज कराने वाली छात्रा के परिवार पर हत्या का आरोप लगाया है। अभिषेक पर रिपोर्ट कराने वाली छात्रा के पिता एक ग्रामीण की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी था। वह कुछ समय जेल में भी रहा। पुलिस ने दबिश दी तो वह घर में ही मिल गया। अभिषेक के परिवार ने उस पर हत्या का आरोप लगाया था, लेकिन उसने घर में सोने की बात कहते हुए वारदात से अनभिज्ञता जाहिर की। अभिषेक यादव के पिता रामकिशन सेना से सेवानिवृत्त हैं और दूध का व्यवसाय करते हैं। वह गांव से काफी मात्रा में दूध लेकर गाड़ी से बरेली जाकर डेयरी में सप्लाई देते हैं। चार भाइयों में अभिषेक तीसरे नंबर का था। वह पास की एक फैक्ट्री में दैनिक वेतनभोगी के रूप में काम करता था।

# सुनसान इलाके में ट्रैक्टर पलटने से पिता-पुत्र की मौत, घंटों नीचे दबे रहे दोनों

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र में बृहस्पतिवार को सुबह दर्दनाक हादसा हुआ। ट्रैक्टर पलटने से उसके नीचे दबकर पिता-पुत्र की मौत हो गई। दोनों गन्ना बोवाई करने ट्रैक्टर से खेत पर जा रहे थे, तभी ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर चकरोड से नीचे गड्ढे में पलट गया था। सुनसान रास्ता होने के कारण दोनों काफी देर तक नीचे दबे रहे, जिससे तड़प-तड़पकर उनकी जान चली गई। हादसे के बाद उनके परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक मूल रूप से गांव पट्टी और हाल निवासी शाही रोड फतेहगंज पश्चिमी कस्बा के मोहल्ला अंसारी के नंदप्रकाश ( 55 वर्ष ) अपने पुत्र सुमित ( 22 वर्ष ) के साथ खेत पर सुबह करीब साढ़े दस बजे ट्रैक्टर से गन्ना बोवाई करने जा रहे थे। चकरोड पर ट्रैक्टर किसी तरह से अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। पिता-पुत्र ट्रैक्टर के नीचे दब गए। ट्रैक्टर में हैरो भी लगा था। सुनसान रास्ते पर हुआ हादसा जहां पर हादसा हुआ, वह सुनसान रास्ता है। इसलिए घंटों को कोई नहीं पहुंचा। किसी काम से खेत पर जा रहे गांव के धर्मपाल ने ट्रैक्टर पलटा देख गांव में सूचना दी। तब ग्रामीणों ने दूसरे ट्रैक्टर से बांधकर खींचकर ट्रैक्टर को सीधा किया। तब तक नंदप्रकाश और उनके पुत्र की मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। इस दर्दनाक घटना से पूरे गांव में मातम छा गया।

# विकसित उत्तर प्रदेश 2047 को लेकर विकासखंड कार्यालय अमरिया में हुई बैठक

